संख्या-16/2022/।/152024/2022/71-4002(002)/1/2021-4

प्रेषक,

अनिल कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

कुलसचिव,
उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय,
सैफई, इटावा।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-4 लखनऊ : दिनांक 31 मार्च, 2022

विषयः- वित्तीय वर्ष 2021-22 में उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा के अन्तर्गत मेडिकल कालेज हेतु गैर वेतन मद की वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-3269/ई0/यू0पी0यू0एम0एस0/बजट(268)/2021-22 दिनांक 16-03-2022 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत लखाशीर्षक-2210-05-105-03-28-रूरल इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेंज, सैफई, इटावा के मानक मद-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर-वेतन) मद में प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष बजट आवंटित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- उल्लेखनीय है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में अनुदान संख्या-31 के अधीन उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा के मानक मद 20-सहायता अनुदान सामान्य (गैर वेतन) मद में प्राविधानित धनराशि रू0 8000.00 लाख के सापेक्ष अब तक तीन किश्तों के रूप में कुल रू0 3990.00 लाख निर्गत की जा चुकी है।

3- इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा के पत्र दिनांक 16-03-2022 के साथ उपलब्ध कराये गये उपयोगिता प्रमाण पत्र के दृष्टिगत उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा को अनुदान संख्या-31 के अन्तर्गत लखाशीर्षक-2210-05-105-03-28-रूरल इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेंज, सैफई, इटावा के मानक मद-20-सहायता अनुदान-सामान्य (गैर-वेतन) मद में निम्नलिखित तालिका के कालम-3 में उल्लिखित प्राविधानित धनराशि के सापेक्ष तालिका के कालम-5 में उल्लिखित धनराशि अवमुक्त करते हुए आपके निर्वतन पर निम्नलिखित शर्तो/प्रतिबन्धों के अधीन रखे जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं।

(धनराशि रू0 लाख में)

क्र0	संस्था का नाम		वित्तीय वर्ष 22-2021 में प्राविधानित धनराशि रू0 (लाख में)	अब तक अवमुक्त की गयी धनराशि रू0 (लाख में)	चतुर्थ किश्त के रूप में अवमुक्त किये जाने हेतु धनराशि रू0 (लाख में)
1	2		3	4	5
1	उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय सैफई, इटावा के अन्तर्गत मेडिकल कालेज				
	राजस्व	20- सहायता अनुदान-सामान्य (गैर वेतन)	8000.00	प्रथम किश्त - 1330.00 द्वितीय किश्त - 1330.00 तृतीय किश्त - 1330.00	1330.00
		कुल	8000.00	3990.00	1330.00

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

(i) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप दिनांक 22.03.2021 के प्रस्तर-2(5) में उल्लिखित प्राविधानानुसार विगत वर्ष की कोई अप्रयुक्त धनराशि यदि अवशेष है, तो इसका पहले समायोजन करने के उपरान्त ही उक्त स्वीकृत धनराशि का उपयोग किया जायेगा तथा समायोजन का विवरण शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

(ii) स्वीकृत की जा रही धनराशि पी0एल0ए0/डाकघर/बैंक में नहीं रखी जायेगी।

(iii) स्वीकृत धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकतानुसार एवं व्यय नियमानुसार किया जायेगा तथा इसका उपयोग उसी मद में किया जायेगा जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है। किसी अन्य मद में व्यय वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।

(iv) वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-3/2021/बी-1-375/दस-2021-231/2021, दिनांक 22.03.2021 तथा शासनादेश संख्या-2/2021/बी-1-347/दस-2021-16-94, दिनांक 10.03.2021 में उल्लिखित दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा।

(v) धनराशि को कोषागार से संस्थान के वित्त नियंत्रक द्वारा आहरित किया जाएगा एवं बिलों पर महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के प्रतिहस्ताक्षर प्राप्त किये जायेंगे।

4- यह आदेश वित्त विभाग के FINRMS पोर्टल द्वारा संख्या ई-3-3578/-दस-2021-22 दिनांक 30-03-2022 के क्रम में स्वीकृति निर्गत किये जाने की सहमति प्रदान की गयी है।

भवदीय

(अनिल कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं तद्दिनांक-

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1- महालेखाकर, (लेखा एवं हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2- प्रधान महालेखाकार, (सिविल आडिट) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3- कोषाधिकारी, सैफई, इटावा।
4- महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ।
5- वित्त अधिकारी, उ0प्र0 आयुर्विज्ञान विश्वविद्यालय, सैफई, इटावा ।
6- वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3/नियोजन अनुभाग-4/वित्त (आय-व्ययक)अनुभाग-2
7- नोडल ऑफिसर/संयुक्त सचिव, चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन
8- निदेशक, स्थानीय निधि लेखा परीक्षा विभाग, उ0प्र0, प्रयागराज।
9- गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(अनिल कुमार सिंह)
संयुक्त सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in